| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br><br>**Mock Exam 2 - Feb.2015** | **Course:** | II PUC |
|---|---|---|
| | **Subject:** | Hindi |
| | **Max. Marks:** | 100 |
| | **Duration:** | 3:15 hrs. |

**सूचना: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**
**(ii) प्रश्नों को क्रमांक संख्या के अनुसार लिखना आवश्यक है।**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6 x 1 = 6**

१) घर में किसका राज होता है?
२) किसे सबसे ऊँचा स्थान देना उचित है?
३) महानगर के फ्लैट में रहनेवाले लोग क्या भूल गए हैं?
४) विश्वेश्वरय्या ने किस बाँध के लिए आटोमैटिक गेटों का डिज़ाइन किया?
५) चीफ़ साहब बड़ी रुचि से किसे देखने लगे?
६) एक जमाने में कौन–सा शहर जापान की राजधानी हुआ करता था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9**

७) सुजान भगत अपना खोया हुआ अधिकार फिर कैसे प्राप्त करता है?
८) पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है ?
९) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।
१०) नरक में निवास–स्थान की समस्या कैसे हल हुई?
११) 'टफ्स' के पुस्तकालय के बारे में लिखिए।

**IIअ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? 4 x 1 = 4**

१२) 'बाबा, इतना मुझसे उठ न सकेगा।'
१३) 'आई एम रिअली प्राउड आफ यू।'
१४) 'वह जरुर बना देंगी। आप उसे देख कर खुश होंगे।'
१५) 'महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 x 3 = 6**

१६) 'कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।'
१७) 'बेटा, शब्दकोशों में उसका नाम शेष है, उपदेशकों के प्रयोग में भी आ रहा है।'
१८) 'चूडियाँ कहाँ से लाऊँ बेटा, तुम तो जानते हो, सब ज़ेवर तुम्हारी पढाई में बिक गए।'
१९) "यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से आधिक रंग दिखाई दे रहे हैं।"

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6 x 1 = 6**

२०) कौन अंतर की बात जानने वाले हैं?
२१) पातक, राजा और रोग किसे दबाते हैं?
२२) आँखों की सुंदरता किससे बढ़ती है?
२३) बेटी रंगीन कपड़े और गहने पहनने से क्यों इनकार करती है?
२४) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है?
२५) कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 3 = 6**

२६) सब वेद और स्मृतियाँ क्या बताते हैं?
२७) कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं?
२८) 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं?
२९) पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2 x 4 = 8**

३०) ऊधौ हम आजु भईं बड़-भागी ।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागीं ।
जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसैं, अंग-अंग सुख रागी ।

**अथवा**

रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून ।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून ॥

३१) परम पुनीत नीर कावेरी, मस्तक धर कर्नाटक में ।
पम्म महाकवि के दर्शन कर लो चलकर कर्नाटक में ॥
बसवेश्वर या अकमहादेवी कर्नाटक में गाते ।
रामानुज आचार्य 'मेलकोटे' में दर्शन दे जाते ॥

**अथवा**

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशीश हैं कि ये सूरत बदलनी चाहिए ।

IV **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

३२) नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए ?

३३) छोटी बहू के मन में किसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा है ?

३४) दादा जी को किस कल्पना से सिहरन होने लगती है ?

३५) भारवी में किस कारण अहंकार बढ़ता जा रहा था ?

३६) भारवी किस महाकव्य की रचना कर महाकवि भारवि बने?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

३७) बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

**अथवा**

दादा जी की क्या आकांक्षा थी ?

३८) भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

**अथवा**

सुशीला का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

V **अ) वाक्य शुद्द कीजिए :** **4 x 1 = 4**

३९)(i) प्रधानमंत्री भाषण दे रहा है ।
(ii) यह पाठ हमारी पाठयपुस्तक से लिया है ।
(iii) ड्राइवर मीरा को कार चलाना सीख रहा है ।
(iv) मैंने थोड़ी देर में खाना खाना है ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :** **4 x 1 = 4**

**(भला, किताब, समाप, स्वभाव)**

४० (i) उसके_____मैं मधुरता है ।
(ii) साहित्य _____ का दर्पण है ।
(iii) आप______ तो जग भला ।
(iv) उस________का क्या मूल्य है?

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3 x 1 = 3**

४१.(i) सिद्धार्थ कुछ अपूर्व अनुपम लाते हैं । (भूतकाल में बदलिए)
(ii) उसने मुझे पुस्तक दी थी । (वर्तमानकाल में बदलिए)
(iii) दस्त के कारण रोगी पानी की कमी से भी मर जाता है । (भविष्यत्काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 x 1 = 4**

४२.(i) आगे–पीछे फिरना – थोड़े में बहुत ।
(ii) छाती पर मूंग दलना – बिलकुल खण्डन करना ।
(iii) धज्जियाँ उड़ाना – दुःख देना ।
(iv) गागर में सागर – चापलूसी करना ।

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : 3 x 1 = 3**

४३. प्रबन्धकर्त्ता, मनोहारी बिलाव

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 3 x 1 = 3**

४४. अ) जिसकी कोई उपमा न हो ।
आ) जो भूत भविष्य, वर्तमान देखने वाला हो ।
इ) दूसरे के सहारे पर रहने वाला ।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : 2 x 1 = 2**

४५. भाव स्थिति

**ऐ) निम्नलिखिए शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : 2 x 1 = 2**

४६ अपनापन सजावट

VI **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 1 x 5 = 5**

४७. शिक्षा और कम्प्यूटर, व्योहारों का जीवन में महत्व, विज्ञापन–कला

**अथवा**

अपने मोहलले की गन्दगी दूर करने के लिए स्वास्थय अधिकारी को पत्र लिखिए ।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधरित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5 x 1 = 5**

४८ प्रत्येक राष्ट्र को अपनी एक सांस्कृतिक धरोहर होती है, जिसके बल पर वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहता है । मानव युग–युग से अपने जीवन को अधिक सुखमय, उपयोगी, शान्तिपूर्ण एवं आनन्दपूर्ण बनाने का प्रयास करता रहा है । इस प्रयास का आधार वह संस्कृतिक धरोहर होती है जो प्रत्येक मानव को विरासत में मिलती है और इस प्रयास के फल्स्वरुप मानव अपना विकास करता है । यह विकास–क्रम सास्कृति आधार के बिना संभव नहीं होता । अच्छी अथवा बुरी हो सकती है। किसी राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन हम उसकी संस्कृति के आधार पर कर सकते हैं । प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों पर भी निर्भर हाती है । प्रकृति का मानव–जीवन को प्रभावित करने में बड़ा महत्वपूर्ण हाथ रहता है ।

**प्रश्नः**

अ) राष्ट्र किस वस्तु के बल पर प्रगति करते हैं?
आ) मानव को विरासत में क्या मिलती है ?
इ) राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन किस आधार पर किया जाता है?
ई) मानव जीवन को प्रभावित करने में किसका महत्वपूर्ण हाथ रहा है ?
उ) इस गधांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5 x 1 = 5**

४९ i) Nothing is stable in this world.
ii) The following lines are taken from Ramacharithmanas.
iii) Vivekananda is a person of high character.
iv) We have determined to finish our work by next Sunday.
v) I could not go to Bangalore due to personal engagements.

******